Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 07-12-2006

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title: Need to set up an AIIMS like hospital in Patna at the earliest.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार): अध्यक्ष महोदय, देश में जो असाध्य रोगों के मरीज हैं, वे अपना इलाज कराने के लिए दिल्ली आते हैं। एम्स में निश्चित रूप से असाध्य रोगों का इलाज होता है।

MR. SPEAKER: You raised this matter during the last Session also and I allowed a Call Attention on this very subject. आप पटना में एम्स चाहते हैं, यह बात एक लाइन में बोल दीजिए।

श्री प्रभुनाथ सिंह :मैं एक लाइन में बोल दूंगा, लेकिन आप सरकार से कहलवा दीजिए कि वह कल पैसा दे रही है, नहीं तो भूमिका तो बनानी पड़ेगी।

अध्यक्ष महोदय : थोड़ा संक्षेप में बोलिये।

श्री प्रभुनाथ सिंह : मैं कह रहा था कि असाध्य रोगों के इलाज के लिए लोग दिल्ली आते हैं। इसका कारण यह है कि एम्स में असाध्य रोगों का इलाज होता है। देश की आबादी बढ़ी है, इसलिएरोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। खासकर कैमिकल्स के उत्पादन के चलते नई-नई बीमारियों का भी उत्पादन हो रहा है। इसी क्रम में दिल्ली में डेंगू फैला। दिल्ली के एम्स में मरीजों के सोने के लिए जगह तक नहीं थी, लोग बाहर तक सोये और डेंगू के कारण काफी संख्या में लोग मरे भी हैं। जब एन.डी.ए. की सरकार थी तो उस सरकार ने देश में मरीजों की संख्या को देखते हुए राज्यों में एम्स की तरह के छः अस्पताल खोलने का निर्णय लिया था। बिहार की राजधानी पटना में भी एक ऐसा ही अस्पताल खोलने का निर्णय हुआ था। बिहार की सरकार आज की तारीख में केन्द्र सरकार को भरपूर सहयोग करने के लिए तैयार है। उसने जमीन भी उपलब्ध करा दी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री वहां गये थे, उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी हम इस काम को शुरू करेंगे। इसका दो-दो बार शिलान्यास हो गया है। जब एन.डी.ए. की सरकार थी, पहली बार तब शिलान्यास हुआ और जब डा.मनमोहन सिंह प्रधान मंत्री बने, दोबारा शिलान्यास तब हुआ। दासमुंशी जी यहां बैठे हैं, हम आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहते हैं कि शिलान्यास का यह क्रम कब रुकेगा और उद्घाटन का समय कब आयेगा। आप कब पैसा देकर इस अस्पताल को तैयार करायेंगे, ताकि बिहार जैसा गरीब प्रांत, जो आज अपनी साख बना रहा है। बिहार का मुख्य मंत्री नम्बर वन मुख्य मंत्री के नाम से इस देश में जाना जाता है। आप कब तक धन देकर बिहार में एम्स जैसे अस्पताल का निर्माण करायेंगे।

अध्यक्ष जी, आप खाली हमारी बात मत सुनिये, थोड़ा उधर भी कहिये कि वह हां या न में सिर हिला दें,...(व्यवधान) तो हम समझेंगे कि कुछ हो रहा है।

अध्यक्ष महोदय : हम करते हैं और हमने किया भी है। Medical students are suffering for no fault. I have taken up another such matter about disabled people. जहां सोचते हैं, यह करना चाहिए, हम करते हैं, हम सुना नहीं सकते।

श्री प्रभुनाथ सिंह :हमारा कहना है कि सरकार इस पर कुछ सोचती है या नहीं।

अध्यक्ष महोदय : आपने बहुत अच्छा और अहम् मुद्दा उठाया है[MSOffice21]।[MSOffice22][MSOffice23][MSOffice24]हमने सर्टिफिकेट दे दिया।

13.00 hrs